ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय

कामेश्वरनगर, दरभंगा–846004

सूचना

एतद् द्वारा निदेशानुसार सूचित किया जाता है कि चार वर्षीय स्नातक प्रथम सेमेस्टर (प्रतिष्ठा), सत्र 2024–28 के तहत तृतीय चयन सूची से नामांकन के उपरान्त अभी भी लगभग 54 हजार छात्र विभिन्न विषयों में नामांकन से वंचित हैं तथा हजारों छात्र नामांकन हेतु ससमय ऑनलाईन आवेदन नहीं कर सके। अनामांकित छात्रों की अधिकाधिक संख्या के मद्देनजर माननीय कुलपति महोदय ने छात्र–हित में नामांकन हेतु छात्रों को आवेदन करने का पुनः एक अवसर प्रदान किया है।

1. अतएव स्नातक सत्र– 2024–28 में नामांकन हेतु इच्छुक छात्र/छात्रा जिन्होंने पूर्व में आवेदन नहीं किया हो वैसे छात्र मेजर विषय के रूप में **जन्तु विज्ञान, इतिहास एवं हिन्दी को छोड़कर** अन्य सभी विषयों में निर्धारित शुल्क के साथ रिक्त सीटों के विरूद्ध ऑनलाईन आवेदन ***दिनांक– 25.08.2024 (अपराह्न 11:00 बजे) से 31.08.2024 तक*** www.lnmu.ac.in पर कर सकते हैं। विषयवार रिक्तियों वाले महाविद्यालयों की सूची ऑनलाईन आवेदन के क्रम में डिस्प्ले होगा जिसमें से छात्र केवल एक महाविद्यालय का चयन करेंगे।
2. पूर्व में आवेदित अनामांकित छात्र/छात्रा अन्य विषयों में रिक्त सीटों के विरूद्ध बिना किसी शुल्क के पुनः ऑनलाईन आवेदन ***दिनांक– 25.08.2024 (अपराह्न 11:00 बजे) से 31.08.2024 तक*** कर सकते हैं। ऐसे छात्र विश्वविद्यालय के नामांकन पोर्टल पर लॉग–इन करने हेतु अपने पूर्ववत आई–डी (Application I.D), यूजर आई डी (E-mail) एवं पासवर्ड (Password) का उपयोग करेंगे। विषयवार रिक्तियों वाले महाविद्यालयों की सूची ऑनलाईन आवेदन के क्रम में डिस्प्ले होगा जिसमें से छात्र केवल एक महाविद्यालय का चयन करेंगे।

नामांकन हेतु चतुर्थ चयन सूची दिनांक– 02.09.2024 को विश्वविद्यालय के वेबसाईट www.lnmu.ac.in पर प्रकाशित की जायेगी। चयनित छात्र/छात्रा आवंटित महाविद्यालय में ***दिनांक– 03.09.2024 से 07.09.2024 तक*** नामांकन करा सकते हैं।

नोटः– *जन्तु विज्ञान, इतिहास एवं हिन्दी विषय के पूर्व आवेदित छात्र/छात्रा हीं केवल पुनः इन तीनों विषयों में रिक्त सीटों के विरूद्ध आवेदन कर सकते हैं।*

24/08/2024

अध्यक्ष, छात्र–कल्याण